मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 22/12/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति -- 615/2025
22 दिसंबर 2025
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
===============================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में "ऑल इंडिया संथाली राइटर्स एसोसिएशन" एवं "जाहेरथान कमेटी" के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को **आगामी 29 दिसंबर, 2025 को जमशेदपुर (दिशोम जाहेर, करनडीह)** में आयोजित होने वाले 22वें संथाली **"पारसी माहा"** तथा ओल चिकी लिपि के शताब्दी समारोह के समापन कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया।

इस अवसर पर ऑल इंडिया संथाली राइटर्स एसोसिएशन के महासचिव श्री रविंद्र नाथ मुर्मू, सहायक महासचिव, श्री मानसिंह मांझी, जाहेरथान कमेटी के कार्यकारी सदस्य श्री सागेन हंसदा एवं श्री शंकर हेंब्रम उपस्थित थे।

==========================

#Team PRD(CMO)